राजस्व अपील संख्या 80 / 2023

अनवान

सूरजाराम बनाम राज्य सरकार

दिनांक 17–03–2023

उक्त अपील अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, लोहावट, जिला जोधपुर के द्वारा पारित आदेश क्रमांक प्र0गां0सं / 21 / 01 दिनांक 02.10.2021 के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है। अपीलान्ट के द्वारा अपील के साथ अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित किये गये अपीलाधीन आदेश दिनांक 02.10.2021 का अवलोकन किया एवं पत्रावली के साथ प्रस्तुत दस्तावेजात आदि का भी अध्ययन किया तथा अपीलांट के द्वारा चाही गई इस्तदुआ पर भी मनन किया। जिसके आधार पर अपीलांट की प्रस्तुत उक्त अपील को आंशिक स्वीकार करते हुए अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, लोहावट, जिला जोधपुर के द्वारा पारित किये गये आदेश दिनांक 02.10.2021 के क्रम मे प्रकरण रिमाण्ड किया जाकर तहसीलदार, लोहावट को निर्देशित किया जाता है कि वे प्रस्तुत अपील में वर्णित ग्राम भजन नगर के खसरा संख्या 1665 के रास्ते सम्बन्धी प्रकरण का उभय पक्षकारान की उपस्थिति में मौका जॉच कर मौका फर्द व मौका नक्शा तैयार करें। तत्पश्चात उभय पक्षकारान की सुनवाई कर प्रकरण का निस्तारण करें। कोई भी पक्ष कदीमी रास्ता बन्द नहीं करें। उक्त निर्देशो के साथ हस्तगत अपील का निस्तारण किया जाता है। पत्रावली फेसल शुमार होकर नंबर से कम हो। निर्णय आज खुले न्यायालय लिखाया जाकर सुनाया गया ।

अति. संभागीय आयुक्त,

अतिरिक्त जोधपुरीय आयुक्त

जोधपुर